Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to enhance the honorarium of cooks engaged under mid-day meal scheme in primary schools in Uttar Pradesh.

श्री कँवर सिंह तँवर (अमरोहा) : मैं सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों की समस्याओं की ओर दिलाना चाहता हूँ। जो महिलाएं इन विद्यालयों में रसोइये का कार्य करती हैं, वे विधवा/तलाकशुदा अथवा समाज में आर्थिक रूप से बहुत कमजोर महिलाएं होती हैं, जिनके परिवार के पालन-पोाण की जिम्मेदारी उन्हीं के ऊपर होती है।

इन्हें सरकार की तरफ से 1000 रूपये प्रतिमाह का मानदेय मिलता है। यह मानदेय भी इन्हें पूरे वा न मिलकर सिर्फ 10 महीने ही मिल पाता है वह इनके कार्य के अनुसार बहुत मिलने में भी देरी होती है। इन्हें जो मानदेय मिलता है वह इनके कार्य के अनुसार बहुत कम है, क्योंकि इन्हें पूरे दिन स्कूल में रहना पड़ता है और कई बार इनसे खाना बनाने के अलावा अन्य कार्य भी करवाये जाते हैं।

आज के समय में इनको इतने कम मानदेय में अपना और अपने बच्चों का पालन-पोाण करने में अत्यन्त कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इनके मानदेय को बढ़ाया जाये और इन्हें पूरे वा का मानदेय दिया जाये जिससे यह सम्मानपूर्वक अपना जीवन-यापन कर सकें।